>

Title: Need to implement AMRUT scheme in Jhansi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- laid

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): मैं बुंदेलखंड के झॉसी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । जैसा कि आपको विदित है कि मेरे क्षेत्र में बहुत समय से वर्षा नहीं होने के कारण पानी की अत्यधिक समस्या है जिसके कारण पीने के पानी हेतु भी काफी दूर तक जाना पड़ता है । पानी की कमी के कारण खेती एवं रोजमर्रा के जीवन में मुश्किल हो रही है । लोग अपना घर छोड़ कर पलायन को मजबूर हो गये हैं । कबीर साहब की पंक्ति मेरे क्षेत्र पर सटीक बैठती है

रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून ।

पानी गये न ऊबरे, मोती, मानुष, चून ।।।

मेरा सरकार से निवेदन है कि अटल मिशन फॉर रिजुवेशन एंड अर्बन ट्रासफोर्मेशन अमृत योजना को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से कार्यान्वित करने की कृपा करें । इस योजना से समग्र बुन्देलखंड के विकास को सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई और अन्य कृषि पद्धतियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो, जिससे स्वच्छ पेयजल की कमी की गंभीर समस्या का हल हो सके ।